Title: Need to extend Chaura-Chauri rail service up to Raxaul in Bihar.

डॉ. मदन प्रसाद जायसवाल (बेतिया) : सभापति महोदय, चौरीचौरा रेल सेवा कानपुर से गोरखपुर वाया इलाहाबाद वाराणसी होकर जाती है। गोरखपुर पहुंचकर यह गाड़ी 16 घंटे गोरखपुर यार्ड में खड़ी रहती है।

16 घंटे तक रेलगाड़ी का खड़ा रहना लोकहित में नहीं है एवं इस प्रकार से रेल सम्पत्ति का ठीक प्रकार से हम उपयोग नहीं कर रहे हैं। अगर इस रेल सेवा को रक्सौल तक बढ़ा दिया जाए तो चम्पारण के लोगों को वाराणसी, इलाहाबाद एवं कानपुर पहुंचने में काफी सुविधा होगी, जिससे हम रेलवे के अतिरिक्त राजस्व प्राप्त करने में भी समर्थ होंगे।

अतः सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि चौरीचौरा रेल सेवा को रक्सौल तक बढ़ा दिया जाए तो उत्तरी बिहार के लोगों को कानपुर, इलाहाबाद एवं वाराणसी जाने में सुविधा होगी और रेलवे को अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ति होगी।